पत्र संख्या–09 / नामांकन–02–05 / 2017......388(9)

**झारखंड सरकार**

**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग।**

प्रेषक,

**ललित मोहन शुक्ला,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**परीक्षा नियंत्रक,**
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद,
सिरखा टोली, तुपुदाना रोड़, नामकुम, राँची।

राँची, दिनांक......17.10.2025......

**विषय :** NEET(UG)-2025 **परीक्षाफल के आधार पर शैक्षणिक सत्र–2025–26 के लिए एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर को आवंटित अतिरिक्त सीटों की विवरणी के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर एक सरकारी संस्थान है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली द्वारा एम0बी0बी0एस0 की 150 सीटों के संचालन की सूचना उपलब्ध करायी गयी है। पूर्व में विभागीय पत्रांक–273(9) दिनांक–08.07.2025 द्वारा 100 एम0बी0बी0एस0 सीटों की वर्गीकृत विवरणी उपलब्ध करायी गयी थी। उक्त के क्रम में शेष 50 सीटों का वर्त्तमान शैक्षणिक सत्र–2025–26 के लिए एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु निम्नरूपेण विभाजन किया गया है:–

| क्र0 सं0 | संस्थान का नाम | कुल सीटों की संख्या | 15% अखिल भारतीय कोटा | सेन्ट्रल नोमिनी हेतु सीटों की संख्या | राज्य कोटा के लिए चिन्हित सीटें | राज्य कोटा के अन्तर्गत कोटिवार सीटों की संख्या | | | | | | निःशक्त जनों के लिए क्षैतिज आरक्षित सीटों की संख्या (5%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | UR 40% | EWS 10% | SC 10% | ST 26% | BC-I 8% | BC-II 6% | |
| 1 | एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर | 50 | 08 | — | 42 | 17 | 04 | 04 | 11 | 03 | 03 | चलन निःशक्ता–02 |

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि उपर्युक्त विवरण के आधार पर एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर में वर्त्तमान सत्र में नामांकन के संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्गत परिपत्र / प्रावधानों के तहत निर्धारित समय सीमा के अन्दर साक्षात्कार आयोजित कर नामांकन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

17/X/2025

**(ललित मोहन शुक्ला)**
सरकार के संयुक्त सचिव।